दैनिक
# न्याय साक्षी



## संपादकीय

# संवाद करे सरकार

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शनों का दायरा बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को दिल्ली के अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में लोग बड़ी तादाद में सड़कों पर उतरे। दिल्ली में हालात बिगड़ने की आशंका में प्रशासन को कुछ देर के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवा और 19 मेट्रो स्टेशनों के गेट बंद करने पड़े। समय पर यात्रियों के एयरपोर्ट न पहुंच पाने के कारण हवाई यातायात में भी व्यवधान पहुंचा। कई जगहों से हिंसा की खबरें भी आई हैं। कुछ जगहों पर पुलिस ने बल प्रयोग किया और कुछ वरिष्ठ नेताओं, बुद्धिजीवियों और नागरिकों को हिरासत में लिया। इस मुद्दे पर जामिया और फिर देश के कई विश्वविद्यालयों में भड़के आक्रोश को सरकार ने गंभीरता से लिया होता तो हालात शायद इतने न बिगड़ते।

लेकिन छात्रों के आंदोलन को वह सिरे से नकारती रही और इसे उपद्रवी तत्वों की साजिश बताती रही। अब जाकर सरकार ने अखबारों में विज्ञापन देकर लोगों को नागरिकता कानून के बारे में बताना शुरू किया है। इससे पहले मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह ने इस आंदोलन के पीछे कांग्रेस का शत-प्रतिशत हाथ होने की बात कही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि कांग्रेस नागरिकता कानून के मुद्दे पर झूठ फैला रही है और मुसलमानों में भय पैदा कर रही है। बीजेपी के कई नेताओं ने प्रदर्शनों को प्रायोजित बताया। लेकिन यह बात लोगों के गले नहीं उतरी क्योंकि खुद बीजेपी के सहयोगी दलों ने ही नागरिकता कानून पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है।

असम गण परिषद (एजीपी) के अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार महंत ने साफ कहा कि हमारी पार्टी ने नागरिकता कानून के पक्ष में वोट करके गलती की। उन्होंने असम में बीजेपी सरकार से समर्थन वापस लेने तक की चेतावनी दी है। जेडीयू ने संसद में साथ दिया लेकिन पार्टी के रसूखदार नेता प्रशांत किशोर ने इसकी आलोचना की, जिसका पार्टी सुप्रीमो नीतीश कुमार ने खंडन भी नहीं किया। जेडीयू के कई नेता बिहार में एनआरसी लागू न करने की बात कह चुके हैं। ओडिशा में बीजेडी का भी यही स्टैंड है, और अब शिरोमणि अकाली दल ने कह दिया है कि सीएए में मुसलमानों को भी शामिल किया जाए क्योंकि हमारा देश सेक्युलर है।

तमिलनाडु में बीजेपी के सहयोगी दल एआईडीएमके में इस पर मतभेद जाहिर हो चुके हैं। पार्टी के एक सांसद ने साफ कहा कि इस कानून पर उन्हें सख्त आपत्ति है और अमित शाह देश को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं। जाहिर है, देश भर में सीएए और एनआरसी को लेकर गहरी शंकाएं हैं। यह बिल्कुल संभव है कि विपक्षी दल जनता के आक्रोश का जायज और कुछेक अराजक तत्व जहां-तहां नाजायज फायदा उठा रहे हों, लेकिन इससे मामले की गंभीरता कम नहीं होती। सत्तारूढ़ दल को इसे नाक का सवाल न बनाकर लोगों की आपत्तियों को समझना चाहिए और सत्ताशीर्ष को आगे आकर जनता से सीधा संवाद करना चाहिए।

# मौजूदा राशन कार्ड ही देशभर में होगा मान्य

### » नहीं बनेंगे नए कार्ड



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि वन नेशन वन राशन कार्ड लागू होने पर कोई नया राशन कार्ड जारी नहीं किया जाएगा बल्कि लाभार्थी मौजूदा राशन कार्ड पर ही देशभर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का लाभ उठा पाएंगे। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री राम विलास पासवान ने शुक्रवार को वन नेशन वन राशन कार्ड की प्रगति और मीडिया रिपोर्ट की समीक्षा की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि समीक्षा के दौरान पाया गया कि मीडिया रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया गया है कि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारें वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को नया राशन कार्ड जारी करेंगी।

मंत्रालय ने रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा, लाभार्थी देश में कहीं भी ई-पीओएस उपकरण पर बायोमेट्रिक प्रमाणन करने के बाद अपने मौजूदा राशन कार्ड का उपयोग करके राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अधीन खाद्य सुरक्षा का लाभ ले सकते हैं। मंत्रालय ने कहा कि लाभार्थी बिना कोई अतिरिक्त लागत या कागजी कार्रवाई के पोर्टेबिलिटी का लाभ प्राप्त कर सकेंगे और उनको अपने गृह राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में जारी मौजूदा राशन कार्ड वापस करने और प्रवास के राज्य में नए राशन कार्ड के लिए आवेदन करने की कोई जरूरत नहीं है।

मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वर्तमान में राज्य के भीतर पोर्टेबिलिटी आंध्रप्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना, त्रिपुरा, गुजरात, झारखंड, और पंजाब समेत 12 राज्यों में चालू है, जबकि उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में आंशिक रूप से इसे इस्तेमाल में लाया गया है। वहीं, अंतर्राज्यीय पोर्टेबिलिटी आठ राज्यों में शुरू हो चुकी है जिनमें आंध प्रदेश और तेलंगाना, गुजरात और महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान के अलावा कर्नाटक और केरल शामिल हैं।

# एआई को सरकार ने 500 करोड़ देगी केंद्र सरकार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सरकार ने नकदी संकट से जूझ रही एअर इंडिया के लिये 500 करोड़ रुपये की गारंटी दी है. इससे एयरलाइन को परिचालन संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिये ताजा कोष हासिल करने में मदद मिलेगी.

घाटे में चल रही एअर इंडिया ने पिछले सप्ताह मुख्य रूप से परिचालन जरूरतों को पूरा के लिये कोष जुटाने को लेकर 2,400 करोड़ रुपये की गारंटी मांगी थी. एयरलाइन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने से कहा, सरकार ने एयर इंडिया को 500 करोड़ रुपये की गारंटी दी है। यह एयरलाइन को बुधवार को दिया गया.

उसने कहा कि सरकारी गारंटी से एयरलाइन को कुछ कोष हासिल करने में मदद मिलेगी. एअर इंडिया बैंकों के साथ पहले से कोष को लेकर बातचीत कर रही है. यह गारंटी 7,600 करोड़ रुपये की गारंटी का हिस्सा है जो चालू वित्त वर्ष में एयरलाइन को उपलब्ध करायी जाएगी.

अस्थायी अनुमान के अनुसार एयर इंडिया को 2018-19 में 8,556.35 करोड़ रुपये का घाटा हुआ. पिछले महीने नागर विमाान राज्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने संसद में कहा था कि अगर एयर इंडिया का निजीकरण नहीं हुआ तो उसे अपना कारोबार बंद करना पड़ जाएगा.

# पावर ग्रिड सबस्टेशन को दुरूस्त करने में करेगा 180 करोड़ का निवेश



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल ने कानपुर, भिवानी ओर वर्धा सब-स्टेशन को दुरूस्त करने के लिये 180 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी है। कंपनी ने शुक्रवार को बंबई शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। पावर ग्रिड के निदेशक मंडल ने 19 दिसंबर 2019 को 180 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह उत्तरी क्षेत्र में कानपुर और भिवानी सबस्टेशन और पश्चिम क्षेत्र में वर्धा सबस्टेशन को दुरूस्त करने के लिये है। इन परियोजनाओं को निवेश मंजूरी तारीख से क्रमशः 18 और 27 महीनों में पूरा किया जाना है।

# केईसी इंटरनेशनल को विभिन्न क्षेत्रों से मिले 1,520 करोड़ रुपये के ठेके

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आरपीजी समूह की अग्रणी कंपनी केईसी इंटरनेशनल ने शनिवार को कहा कि उसे विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार के लिये 1,520 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं।कंपनी ने बीएसई को बताया कि उसे शहरी परिवहन के लिये 964 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। इसके तहत उसे दिल्ली मेट्रो रेल निगम से दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण की परियोजना के तहत आठ स्टेशनों समेत भूतल से ऊपर मेट्रो ट्रैक का निर्माण करना है।कंपनी को नेपाल में बिजली वितरण एवं पारेषण क्षेत्र में 400 किलोवाट के ट्रांसमिशन के निर्माण के लिये 391 करोड़ रुपये का ठेका मिला है।कंपनी को रेलवे से पश्चिमी भारत में उपरिगामी पुल बनाने के लिये भी 165 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। इस तरह कंपनी को कुल 1,520 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं।

# गेहूं की 90 प्रतिशत बुवाई पूरी, रकबा 278 लाख हेक्टेयर हुआ



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रबी की फसलों में गेहूं बुवाई का रकबा 278 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो इस फसल की सामान्य बुवाई क्षेत्र का लगभग 90 प्रतिशत है। शुक्रवार को जारी कृषि मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। पिछले साल की समान अवधि में गेहूं बुवाई का रकबा 250 लाख हेक्टेयर था। मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से गेहूं खेती का रकबा अधिक होने सूचना दी गई है। गेहूं के अलावा रबी के धान का रकबा भी बढ़कर 12.35 लाख हेक्टेयर हो गया है। दलहनों की बुवाई 131.46 लाख हेक्टेयर तक पहुंची है जो एक साल पहले लगभग इसी स्तर पर थी। मोटे अनाजों की बुवाई का रकबा 43.70 लाख हेक्टेयर में थोड़ा अधिक है, जबकि यह रकबा पिछले साल 40.10 लाख हेक्टेयर था। तिलहन खेती का रकबा 71.79 लाख हेक्टेयर है जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह रकबा 73.08 लाख हेक्टेयर था। कुल रबी फसलों की बुवाई का रकबा चालू रबी मौसम में 537.21 लाख हैक्टेयर है जो पिछले रबी सत्र में 504.69 लाख हैक्टेयर था। सामान्यतः रबी का क्षेत्र 634 लाख हेक्टेयर रहता है।

# मोदी सरकार का टैक्स नहीं भरने वालों पर शिकंजा, इनकम छुपाई तो होगी बड़ी कार्रवाई




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वित्त मंत्रालय उन टैक्सपेयर्स पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा है, जो जीएसटी रिफंड ज्यादा क्लेम करते हैं लेकिन इनकम टैक्स रिटर्न में कमाई कम दिखाते हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वित्त मंत्रालय एक मुहिम चलाएगी जिसके तहत ऐसे टैक्सपैयर्स की पहचान की जाएगी. सूत्रों के मुताबिक वित्त मंत्रालय आय छुपाने वाले करदाताओं पर कार्रवाई करेगा, जिसके लिए वित्त मंत्रालय एक मुहिम चलाएगा.

सूत्रों के मुताबिक इसके लिए राजस्व विभाग की ओर एफ को निर्देश दिए गए हैं. टैक्स चोरों की पहचान डेटा एनालिटिक्स के जरिए की जाएगी. इससे टैक्स कलेक्शन टारगेट हासिल करने में भी मदद मिलेगी. बता दें कि इनडायरेक्ट टैक्स क्लेक्शन का लक्ष्य 13.5 लाख करोड़ रुपये है.

अगर आपने इस साल 31 दिसंबर तक अपना इनकम टैक्स रिटर्न नहीं भरा तो आपको भारी-भरकम जुर्माना चुकाना पड़ सकता है. 2017 के बजट में सरकार ने यह ऐलान किया था कि इनकम टैक्स के सेक्श 234 एफ के तहत फाइनेंशियल ईयर 2017-18 (असेसमेंट ईयर 2018-19) से इनकम टैक्स रिटर्न डेडलाइन के बाद भरने वालों को जुर्माना देना होगा.

# बेहतरीन तरीकों से सजाएं अपनी क्रिसमस ट्री



सैंटा क्लॉज, जिंगल बेल्स, गिफ्ट्स, केक और चारों तरफ रेड और वाइट कलर की थीम- ये सारी चीजें आपको किस त्योहार की याद दिलाती हैं तो आप कहेंगे क्रिसमस। जी हां, एक बार फिर क्रिसमस का त्योहार सेलिब्रेट करने का मौका आ गया है। क्रिसमस फेस्टिवल में अब सिर्फ 5 दिन का समय बाकी है लिहाजा आपने भी अपनी पार्टी की तैयारियां जरूर शुरू कर दी होंगी। और बात जब क्रिसमस की आती है तो सबसे ज्यादा ध्यान क्रिसमस ट्री पर रहता है क्योंकि उसके बिना तो आपके सेलिब्रेशन अधूरा रह जाएगा ना। ऐसे में हर एक जैसी लाइट्स यै कैंडल्स से क्रिसमस ट्री को सजा-सजाकर बोर हो चुके हैं तो कुछ यूनीक और इनोवेटिव आइडियाज ट्राई करें...

**फूड आइटम्स से सजाएं क्रिसमस ट्री-** जी हां इस बार आप चाहें तो अपनी क्रिसमस ट्री को इडेबल्स यानी खाने-पीने की चीजें जैसे- सेब, नट्स, चॉकलेट्स और दूसरे फूड आइटम्स से सजाएं। यकीन मानिए आपके फैमिली मेंबर्स के साथ-साथ मेहमानों को भी आपका ये आइडिया जरूर पसंद आएगा।

**रंग-बिरंगे पॉम पॉम से सजाएं -** कुछ क्रिएटिव आइडिया अगर दिमाग में न आ रहा हो तो बाजार से रंग-बिरंगे पॉम पॉम खरीद कर लाएं और उनसे अपनी क्रिसमस ट्री को सजाएं। आप चाहें तो पॉम पॉम के साथ रंगे-बिरंग ऊन से बने बॉल्स का इस्तेमाल करके भी अपनी क्रिसमस ट्री को सजा सकते हैं।

**कलर पैलेट के हिसाब से सजाएं ट्री -** हर बार रेड ऐंड वाइट कलर कॉम्बिनेशन रखने की बजाए इस बार कुछ अलग करें और अपनी क्रिसमस ट्री को कलर थीम के हिसाब से सजाएं।

## आज का राशिफल

मेषः- राशि स्वामी मूल नक्षत्र के प्रथम चरण पर चल रहा है। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति की संभावना बन रही है। बृहस्पति धनु राशि पर मार्गी होगा, इससे स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है।

वृषभः- आज संपत्ति सुख में विस्तार होगा। परिवार में सुख शा का वातावरण बनेगा। किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन उन्नति के साथ होगा।

मिथुनः- नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति का योग बना हुआ है। संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा। रहन-सहन खान पान का स्तर बढ़ेगा, नए सुन्दर सुन्दर वस्त्रों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी।

कर्कः- आज पश्चिम दिशा की राजकीय यात्रा का योग है। संतान सुख में वृद्धि तथा कहीं से वस्त्रादि का उपहार मिलेगा। उत्तम मित्रों के सहयोग से मन में निराशा का भाव समाप्त होगा।

सिंहः- घर में मांगलिक कार्यों के आयोजन से मन में प्रसन्नता व व्यस्तता रहेगी। अभिन्न मित्रों के सहयोग से व्यवसाय के नए स्रोत बनेंगे।

कन्याः- कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, आय में यथोचित वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों व लेखन आदि से भी आय होगी।

तुलाः- आज आपकी इच्छा के विरुद्ध कोई कार्य मिल सकता है, जिससे आप असहज हो जाएंगे। परिवार में सर्वत्र सुख शान्ति रहेगी।

वृश्चिकः- राशि का स्वामी मंगल एकादश में, कन्या राशि का होकर शुक्र से एकादश योग बन रहा है। माता का सानिध्य व आशीर्वाद विशेष रूप से फलीभूत होगा।

धनुः- राशि स्वामी बृहस्पति आज राशि से प्रथम भाव में मार्गी हो रहा है। प्रथम भाव में शनि भी कार्यक्षेत्र में कठिनाई व परिश्रम की अधिकता रखेगा। बातचीत में संयम बरतें।

मकरः- तुला राशि पर मंगल तथा सूर्य राज्य, मान, प्रतिष्ठा की वृद्धि कर रहा है। द्वादश भाव में गुरु उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा।

कुंभः- आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी और धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। संपत्ति का विस्तार और संपत्ति से आय मे वृद्धि होगी।

मीनः- आज आपका दिन मिश्रित फलकारक है। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। संपत्ति के सुधार व रख रखाव में खर्च बढ़ेगा। आज दिन में कुछ निकट के मित्रों व रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

# कंगना रनौत की अपकमिंग फिल्म पंगा के दो पोस्टर हुए रिलीज




ऐक्ट्रेस कंगना रनौत की आने वाली फिल्म पंगा का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। इससे पहले बुधवार यानी 18 दिसंबर को मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट के बारे में बताया था।

फिल्म के दो पोस्टर शेयर किए गए हैं। पहले पोस्टर में कंगना उर्फ जया मुस्कुराते हुए नजर आ रही हैं। वह पिंक प्रिंटेड साड़ी और मैचिंग कलर के स्वेटर में दिख रही हैं। टाइड हेयर, राउंड ब्लैक बिंदी और इयररिंग्स उनके पूरे लुक को कॉम्प्लिमेंट कर रहे हैं।

पोस्टर को डायरेक्टर अश्विनी अय्यर तिवारी ने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, जो सपने देखते हैं वो पंगा लेते हैं। जया की कहानी हम सबसे जुड़ी है। ट्रेलर 23 दिसंबर 2019 को।

इससे पहले कंगना की बहन रंगोली ने फिल्म से जुड़ी एक तस्वीर शेयर की थी और बताया था कि मणिकर्णिकाः द चीन ऑफ झांसी के बाद कंगना एक बार फिर मां का रोल निभाने के लिए तैयार हैं।


# निक्म्मा से बॉलीवुड में कमबैक करेंगी शिल्पा शेट्टी



बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी फिल्म 'निक्म्मा' से कमबैक करने जा रही हैं। शिल्पा शेट्टी काफी लंबे समय से फिल्मों से दूर हैं। अब शिल्पा एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर नजर आएंगी। शिल्पा शेट्टी, शब्बीर खान की फिल्म निकम्मा में नजर आएंगी।

शिल्पा शेट्टी ने अपने ट्विटर पर लिखा, निकम्मा की रिलीज डेट घोषित करने के लिए एक्साइटेड हूं। फिल्म 05 जून 2020 में रिलीज होगी। शब्बीर के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा। अब आप लोगों के फिल्म देखने का इंतजार है. थिएटर में मिलेंगे। फिल्म से अपने 13 साल लंबे ब्रेक पर शिल्पा शेट्टी ने कहा था, मैं फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा हूं और चाहे कहीं भी रहूं मैं हमेशा इस इंडस्ट्री का हिस्सा रहूंगी। जब आप लाइमलाइट को मिस करते हैं तो आपको फिल्म इंडस्ट्री की याद आती है। आपको अचानक लगता है कि आप कुछ हार रहे हैं और लोग आपको भूल रहे हैं। मैंने ऐसा कभी महसूस नहीं किया क्योंकि मैं लगातार टीवी पर काम कर रही थी। मैंने फिल्मों से दूरी अपनी मर्जी से बनाई थी।

# घर में बनाये पिज्जा समोसा, जानिए बनाने की रेसिपी



हमने अब तक आपको कई अलग-अलग तरह की रेसिपि के बारे में बताया है। कुछ जानी पहचानी रहीं, तो कुछ अलग और खास प्रकार की। आज भी हम आपको एक और खास व स्वादिष्ट रेसिपी के बारे में बता रहे हैं। समोसा का स्वाद तो हर घरों के लोग अच्छी तरह से जानते होंगे, पर क्या आप जानते हैं पिज्जा समोसा के बारे में।

### सामग्रीः

रिफाइंड, मैदा 1 कप, नमक स्वाद अनुसार, 3 चम्मच तेल, 2 मध्यम कटा हुआ प्याज, 1 मध्यम कटा हुआ शिमला मिर्च, 3 चम्मच पिज्जा सॉस, 1 कप घिसा हुआ पनीर


### विधिः

सबसे पहले मैदा में तेल और नमक को मिलाकर गूंथ कर इसे आधा घंटे के लिए किसी कपड़े से ढक कर रख दें। मैदा ज्यादा कड़ा नहीं होना चाहिये।एक नॉन स्टिक पैन में तेल डालकर गर्म करने के लिये रखें। अब उसमें कटी हुई प्याज को डालते हुये गुलाबी होने तक भूनें। प्याज के भुन जाने के बाद इसमें शिमला मिर्च, पिज्जा सॉस, पनीर को डालकर स्वादानुसार नमक डालें। एक मिनट के बाद चूल्हे की लौ को बंद कर दें। अब आटे को बराबर-बराबर 12 भागों में बांटकर इसकी लोई बना लें। प्रत्येक आटे की लोई को बेलकर इसे तिकोने आकार का शेप देते हुये उसमें भुने हुये मसालों को मिला दें और सभी किनारों को अच्छी तरह से बंद कर दें।अब एक गहरे पैन में तेल डालकर उसमें समोसे को तलने के लिये डाल दें और तब तक तेल में रहने दें जब तक कि वो सुनहरे भूरे रंग का ना हो जाये। अब तैयार समोसे के एक प्लेट में निकालकर टमाटर की चटनी के साथ गरम गरम परोसें...

## शब्द सामर्थ्य- 81

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 80 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | बा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

## सू-दोकू- 81

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.80 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |